Regarding problems faced by people due to frequent leakage of poisonous gas from chemical factories set up in Bharuch Parliamentary Constituency-Laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): गुजरात में मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंतर्गत अंकलेश्वर पनौती जीआईडीसी के संजौली गांव में इंजीनियरिंग जोन घोषित हुआ था लेकिन वहां इंजीनियरिंग जोन की जगह केमिकल इंडस्ट्री डाल रहे हैं और इस केमिकल इंडस्ट्री से बार-बार खतरनाक गैस लीक होने की घटनाएं घटती रहती हैं दो-तीन महीने पहले काफी बड़ा ब्लास्ट हुआ था तथा खतरनाक गैस पूरी तरह फैल गई थी । अब ठीक उसी के बगल में इसी तरह की केमिकल फैक्ट्री लगाई गई है । इस फैक्ट्री से भी 13-14 जून को गैस लीकेज हुआ । इस फैक्ट्री से 200-300 मीटर की दूरी पर संजौली गांव स्थित है । इस गांव में एससी/एसटी/ओबीसी और मुसलिम समुदाय के गरीब लोगों के साथ ही उत्तर प्रदेश और बिहार के लगभग 25-30 हजार लोग रहते हैं । इस गैस लीकेज की वजह से सभी लोग प्रभावित हुए हैं एवं उनको सांस लेने में दिक्कत, शरीर में जलन, घबराहट तथा उल्टी होने के कारण भगदड़ मच गई । जब यह हादसा हुआ था, उस समय कंपनी का सारा स्टाफ भाग गया था । अच्छा हुआ कि गांव के कुछ लोग वहां पर पहुंच गए तथा कंपनी के भागते हुए कर्मचारियों को मौके पर लाकर गैस लीकेज बंद करवाया । मैंने 18 जून को घटनास्थल का दौरा किया तथा वहां के स्थानीय लोगों ने मुझे यह बताया कि यह घटना घटती रहती हैं तथा बचाव के लिए वहां पर कोई भी यंत्र नहीं है । जहरीली गैस के रिसाव से वहां के लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है और अधिकांश लोग किसी न किसी रोग से पीड़ित हैं । इसी प्रकार अंकलेश्वर, झगड़िया तथा दहेज जीआईडीसी में आए हुए कारखानों में ऐसी घटनाएं घटती रहती हैं और इन घटनाओं की वजह से श्रमिक, किसान तथा कारखानों के कर्मचारियों को कई तरह का नुकसान पहुंचता है । इंडस्ट्री के विकास से मुझे कोई आपत्ति नहीं है किन्तु जनता के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए । इन कारखानों से स्थानीय किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचता है । इस संबंध में सरकार से

मेरा आग्रह है कि उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल उचित कदम उठाने की कृपा करें ।